संख्या-8/566/58-2014-509/2013(6)

प्रेषक,

जूथिका पाटणकर,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1.संबंधित मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।
2.संबंधित जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।
3.निदेशक,
उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

उद्यान अनुभाग **लखनऊ : दिनांक 04 मार्च, 2014**

विषय :- वित्तीय वर्ष 2014-15 हेतु प्रदेश के उद्यान विभाग द्वारा संचालित की जाने वाली राष्ट्रीय औषधीय पौध मिशन योजना का लाभ अल्पसंख्यकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अनुमन्य कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया विषयान्तर्गत मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के संलग्न पत्र सं0 353/52-3-2014-सा(30)/2013/दिनांक 17.02.2014 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यकों को उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से लक्ष्यों में न्यूनतम 20 प्रतिशत मात्राकरण कराये जाने के सम्बन्ध में शासनादेश सं0 1533-52-3-2013-सा(30)/2013/दिनांक 24.08.2013 द्वारा निर्गत विस्तृत दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत अल्पसंख्यकों हेतु फिलहाल वर्ष 2013-14 के वार्षिक लक्ष्यों को आधार मानते हुए वित्तीय वर्ष 2014-15 हेतु अनन्तिम

http://shasanadesh.up.nic.in

लक्ष्यों का जनपदवार फॉट निर्धारित करते हुए शासनादेश निर्गत किये जाने की वांछना की गई है।

2. उक्त के क्रम में उद्यान विभाग द्वारा संचालित एवं उक्त पत्र दिनांक 17.02.2014 द्वारा चयनित राष्ट्रीय औषधीय पौध मिशन योजना के अन्तर्गत अल्पसंख्यकों हेतु जनपदवार निर्धारित अनन्तिम लक्ष्यों का फॉट संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

3. योजना में अल्पसंख्यकों हेतु निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। यदि किसी विशेष कारण से लक्ष्य प्राप्ति हेतु अल्पसंख्यक समुदाय के लाभार्थी उपलब्ध नहीं हो पाते हैं तो जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति की संस्तुति तथा मुख्य सचिव के माध्यम से शासन का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात अल्पसंख्यकों के अवशेष लक्ष्य को अन्य समुदाय के लोगों से पूर्ण कर लिया जायेगा।

4. उपरोक्त योजना में समीक्षा हेतु निर्धारित प्रारूप की प्रति संलग्नक-ख के रूप में संलग्न है। इस प्रारूप पर प्रत्येक माह की 07 तारीख तक वांछित विवरण/सूचना जनपद के जिलाधिकारी द्वारा मण्डलायुक्त को तथा शासन के संबंधित विभाग को उपलब्ध करायी जायेगी। संबंधित विभाग, परीक्षणोपरान्त प्रत्येक माह की 12 तारीख तक संलग्नक - ग पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को संकलित रूप से विवरण उपलब्ध करायेंगे।

3. योजना से सम्बन्धित शासनादेश सं0 1533/52-2013-सा(30)/2013/दिनांक 24.08.2013 में निर्धारित अन्य शर्तों/प्रक्रिया का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

<u>संलग्नक-यथोक्त।</u>

भवदीया

(जूथिका पाटणकर)
प्रमुख सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

<u>संख्या-8/566(1)/58-2014 तद्दिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 शासन।
2. निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण उ0प्र0 लखनऊ।
3. संबंधित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से,

(विजय प्रताप सिंह)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

राष्ट्रीय औषधीय पौध मिशन योजनान्तर्गत अनन्तिम भौतिक लक्ष्यों के सापेक्ष 20% अल्पसंख्यक मात्राकरण वर्ष 2014–15

क्र0सं0	जनपद	अनन्तिम भौतिक लक्ष्य (हे0 में)	20% मात्राकरण (हे0 में)	क्र0सं0	जनपद	अनन्तिम भौतिक लक्ष्य (हे0 में)	20% मात्राकरण (हे0 में)
1	सहारनपुर	175	77	23	ललितपुर	116.00	3.48
2	मुजफ्फरनगर	162.00	69.66	24	चित्रकूट	185.00	7.4
3	मुरादाबाद	120.00	55.2	25	बाँदा	190.00	15.2
4	बिजनौर	60.00	25.2	26	हमीरपुर	165.00	13.2
5	मेरठ	223.00	84.74	27	महोबा	160.00	11.2
6	बुलन्दशहर	223.00	57.98	28	इलाहाबाद	260.00	46.8
7	अलीगढ़	115.00	26.45	29	कौशाम्बी	190.00	36.1
8	हाथरस	85.00	12.75	30	प्रतापगढ़	188.000	35.61
9	एटा	140.00	22.4	31	फैजाबाद	217.00	43.4
10	आगरा	175.00	17.5	32	बाराबंकी	170.00	74.80
11	मथुरा	215.00	27.95	33	अम्बेडकर नगर	225.00	47.25
12	बरेली	100.00	39	34	बस्ती	166.00	33.3
13	बदायूँ	190.00	49.40	35	गोरखपुर	142.00	19.88
14	शाहजहाँपुर	210.00	46.1	36	महराजगंज	175.00	38.5
15	लखनऊ	150.00	58.5	37	कुशीनगर	144.00	31.68
16	सीतापुर	155.00	37.20	38	आजमगढ़	105.00	21.00
17	हरदोई	155.00	27.90	39	वाराणसी	165.00	34.65
18	कानपुर देहात	90.00	12.60	40	जौनपुर	240.00	36.00
19	इटावा	110.00	13.20	41	गाजीपुर	215.00	32.25
20	कन्नौज	140.00	29.4	42	चन्दौली	210.00	31.50
21	झाँसी	161.00	11.27	43	मिर्जापुर	221.00	28.7
22	जालौन	111.00	11.10	44	सोनभद्र	316.00	31.60
	योग	**3265**	**812.5**		योग	**4165.00**	**673.50**
	राज्य योग					**7430**	**1486**

(डा0 एस0बी0 शर्मा)
संयुक्त निदेशक

संबंधित विभाग द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को भेजे जाने वाली संकलित सूचना का प्रपत्र

संलग्नक–ग

विभाग का नाम :
योजना का नाम :

माह :

प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के भौतिक लक्ष्य का 20 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए मात्राकृत कराये जाने की योजना की मासिक समीक्षा का निर्धारित प्रारूप						
क्र0	जनपद का नाम	अल्पसंख्यकों हेतु मात्राकृत वार्षिक लक्ष्य	इकाई	संदर्भित लक्ष्य के विरूद्ध माह में उपलब्धि	संदर्भित माह तक कमिक उपलब्धि	लक्ष्य के विरूद्ध कमिक उपलब्धि का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
	योग :					

संबंधित विभाग द्वारा जनपदों से सूचना प्राप्त करने हेतु प्रपत्र

संलग्नक–ख

विभाग का नाम :

जनपद का नाम :

माह :

प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के भौतिक लक्ष्य का 20 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए मात्राकृत कराये जाने की योजना की मासिक समीक्षा का निर्धारित प्रारूप						
क0	योजना का नाम	अल्पसंख्यकों हेतु मात्राकृत वार्षिक लक्ष्य	इकाई	संदर्भित लक्ष्य के विरूद्ध माह में उपलब्धि	संदर्भित माह तक कमिक उपलब्धि	लक्ष्य के विरूद्ध कमिक उपलब्धि का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7

http://shasanadesh.up.nic.in